NBT PAGE 4

एलयू तैयार करेगा आंत्रप्रेन्योर

एलएमए से पांच जनवरी को होगा एमओयू, विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग में शुरू होगी सेल

'स्टार्ट अप इंडिया स्टैंड अप इंडिया' के तहत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की कवायद

■ एनबीटी, लखनऊ : एलयू के कॉमर्स विभाग में 'स्टार्ट अप इंडिया स्टैंड अप इंडिया' कार्यक्रम के तहत ऑंत्रप्रेन्योर सेल की स्थापना होने जा रही है। मकसद है खुद का काम शुरू करने के इच्छुक युवाओं का मार्गदर्शन। इसके लिए कॉमर्स विभाग व लखनऊ मैनेजमेंट असोसिएशन (एलएमए) के बीच 5 जनवरी को एमओयू साइन होने जा रहा है।

कॉमर्स विभाग के हेड प्रो. अवधेश त्रिपाठी के अनुसार पीएम की 'स्टार्ट अप इंडिया स्टैंड अप इंडिया' योजना के तहत एमओयू किया जा रह है। एलएमए के कॉर्डिनेटर देवेश अग्रवाल के अनुसार योजना के तहत कॉमर्स विभाग में आंत्रप्रेन्योर सेल स्थापित होगी। विभाग के विद्यार्थियों के लिए समय-समय पर सेमिनार और वर्कशॉप का आयोजन होगा। इससे खुद का काम शुरू करने की इच्छा रखने वाले युवाओं को मदद मिल सकेगी। इसके साथ ही 'स्टार्ट अप इंडिया स्टैंड अप इंडिया' से जुड़ी जानकारियां और काम शुरू करने के लिए आर्थिक मदद से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

सिखाए जाएंगे उद्योग शुरू करने के गुर

कॉमर्स विभाग के हेड प्रो. अवधेश त्रिपाठी ने बताया कि योजना के तहत स्टूडेंट्स को पढ़ाई के साथ व बाद में स्टार्ट अप शुरू करने के तरीके बताएं जाएंगे। इसके साथ ही स्टूडेंट्स के बिजनेस आइडियाज को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का भी प्रयास किया जाएगा। एलयू वीसी प्रो. अलोक कुमार राय के अनुसार खुद का काम शुरू कर युवा दूसरों को भी रोजगार दे सकेंगे। इससे आर्थिक समस्याओं से निजात मिलेगी। इसी मकसद से विवि जल्द ही काम शुरू करने जा रहा है।

5 से शुरू होगी 14 दिवसीय एफडीपी

■ एनबीटी, लखनऊ : एलयू के कॉमर्स विभाग में 14 दिवसीय फैकेल्टी डिवेलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) कार्यक्रम का आयोजन 5 से 18 जनवरी तक होगा। अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल उद्घाटन करेंगे। विभाग के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए समिति भी गठित की गई है। इसमें वीसी प्रो. अलोक कुमार राय, कॉमर्स विभाग के हेड प्रो.अवधेश कुमार, प्रो. राममिलन, डॉ. गीतिका टी.कपूर, प्रो. अरविंद कुमार, प्रो. एस्के शुक्ला शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान एमएसएमई, ओडीओपी जैसी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही एसपीएसएस सॉफ्टवेयर भी सिखाया जाएगा। इच्छुक स्टूडेंट्स 30 दिसंबर तक पंजीकरण करवा सकते हैं।

सीनियर करेंगे जूनियर्स की मदद, मिलेगा सर्टिफिकेट

एलयू वीसी के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर शुरू होगी संवर्धन योजना

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के लिए कई योजनाएं शुरू कर रहा है। इनमें 'संवर्धन' योजना भी है। इसे एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर शुरू किया जा रहा है। वीसी का एक वर्ष का कार्यकाल 30 दिसंबर को पूरा होने जा रहा है। इस मौके पर वीसी विशिष्ट संकायों और रिसर्च स्कॉलरों को सम्मानित भी करेंगे।

संवर्धन के तहत सीनियर स्टूडेंट्स को जूनियर का मार्गदर्शन करना होगा। हालांकि कोई भी अपने पिछले सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को गाइड नहीं कर सकेगा। डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन के अनुसार यूजी के विद्यार्थी का पीजी कर रहा कोई भी विद्यार्थी मार्गदर्शन कर सकता है। इसी प्रकार पीएचडी के विद्यार्थी पीजी के स्टूडेंट्स का मार्गदर्शन कर सकेंगे। सीनियर एक वर्ष तक ही गाइड की भूमिका में रहेंगे। इसके बाद विवि की तरफ से सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। गाइड के तौर पर जूनियर को करियर बनाने से लेकर पढ़ाई तक में मदद करेंगे। प्रो. टंडन ने बताया कि योजना के लिए विश्वविद्यालय के सभी विभागों को पत्र भेज दिया गया है। विभागाध्यक्षों से कहा गया है कि मार्गदर्शन की इच्छुक विद्यार्थियों की सूची बनाकर 30 दिसंबर तक भेज दें।

रिसर्च स्कॉलरों का होगा सम्मान

विवि की तरफ से तीस दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट संकायों और रिसर्च स्कॉलरों का सम्मान किया जाएगा। मालवीय सभागार में होने वाले कार्यक्रम में पिछले 5 वर्षों में उत्कृष्ट शैक्षणिक और अनुसंधान उपलब्धियों के लिए 15 प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों को वीसी पुरस्कृत करेंगे। इस मौके पर उपन्यास परियोजना विचारों को शुरू करने और तलाशने के लिए अनुदान के रूप में 12 संकाय सदस्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसमें प्रमाण पत्र के साथ 20 हजार शामिल होंगे। संकायों और अनुसंधान विद्वानों को उद्दीपन पुरस्कार दिया जाएगा। संकायों के लिए प्रति वर्ष 1100 रुपये और एक प्रमाण पत्र के साथ अनुसंधान विद्वानों के लिए प्रति वर्ष 1100 रुपये प्रति पेपर लगातार तीन वर्षों तक दिया जाएगा।

■ एनबीटी, लखनऊ: आर्ट्स कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फ्रूटले हिन्न स्लोगन को स्लोगन राइटिंग और फेस पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। स्लोगन्स डॉ. अनीता कनौजिया ने बताया कि पहला आर्ट्स हिपकॉलेज की तरफ से नारी शक्ति पर प्रतियोगिता हुई। परिणाम नंगलाकर की पेंटिंग बिग जाएगी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली छात्रा श्रीवाती सिंह और निशा सिंह ने बताया कि पेंटिंग के जरिए दर्शाया गया कि महिला आदि शक्ति का रूप है और उसे भी बराबरी का अवसर देना चाहिए।

आर्ट्स कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत हुईं प्रतियोगिताएं

रंगों से दिखाई नारी शक्ति की झलक

एलयू के पांच विद्यार्थियों को मिली जॉब

■ एनबीटी, लखनऊः एलयू में कैंपस प्लेमेंट ने रफ्तार पकड़ना शुरू कर दिया है। एलयू प्रशासन के अनुसार आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने कंप्यूटर साइंस के पांच स्टूडेंट्स को जॉब का ऑफर दिया है। विभाग के इंचार्ज प्रो. आरएस गुप्ता के अनुसार स्टूडेंट्स को 3.36 लाख प्रति वर्ष का पैकेज ऑफर हुआ है। प्रो. गुप्ता के अनुसार नौकरी पाने वालों में आदर्श मिश्रा, सुधांशु प्रजापति, मानसी अग्निहोत्री, तुषार गुप्ता और धर्मेंद्र सिंह शामिल हैं

पीएचडी में प्रवेश की तीसरी सूची जारी

■ एनबीटी, लखनऊः एलयू के सोमवार को पीएचडी के आठ अन्य विषयों की तीसरी मेरिट सूची जारी कर दी। चयनित अभ्यर्थियों को 31 दिसंबर तक फीस जमा करने का मौका दिया गया है। एलयू प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार इकोनॉमिक्स, अंग्रेजी, हिन्दी, फिजिकल एजुकेशन, समाजशास्त्र, कॉमर्स, जीव विज्ञान, कैमेस्ट्री की तीसरी मेरिट सूची जारी हुई है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

फेस पेंटिंग से दिया भ्रूण हत्या रोकने का संदेश

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में सोमवार को भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा एवं बाल श्रम जैसे विषयों पर स्लोगन राइटिंग और फेस पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। इसमें कई विद्यार्थियों ने भाग लिया। फेस पेंटिंग का विषय था दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि। इन विषयों पर विद्यार्थियों ने फेस पेंटिंग कर जागरूक किया। डॉक्टर अनीता कनौजिया ने इसका समन्वयन किया।

उप मुख्यमंत्री ने लविवि को दी एंबुलेंस

लखनऊ। लविवि के दोनों कैंपस के विद्यार्थियों के पास अब एंबुलेंस की सुविधा होगी। अभी तक लविवि में सिर्फ एक ही एंबुलेंस थी। इससे दूसरे परिसर में किसी दुर्घटना की स्थिति में एंबुलेंस पहुंचने में देर होती थी। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने लविवि को नई एंबुलेंस दी है। नई एंबुलेंस विवि के पुराने परिसर में रहेगी।

लविवि : पांच विद्यार्थियों को कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के पांच विद्यार्थियों को कैंपस प्लेसमेंट मिला है। संकाय के इंचार्ज प्रोफेसर आर. एस. गुप्ता ने बताया कि कंपनी ने सभी छात्रों को 3.36 लाख रुपये प्रति वर्ष का पैकेज ऑफर किया है।

विभाग के छात्र आदर्श मिश्रा, सुधांशु प्रजापति, मानसी अग्निहोत्री, तुषार गुप्ता एवं धर्मेंद्र सिंह पटेल का प्लेसमेंट टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में हुआ है।

कैंपस प्लेसमेंट के लिए टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की ओर से आयोजित नेशनल क्वालीफायर टेस्ट (एटीट्यूड टेस्ट, टेक्निकल टेस्ट एवं पर्सनल इंटरव्यू) को पास करके ये विद्यार्थी असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर के पद पर चयनित हुए हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी है।

RASHTRIYA SAHARA PAGE 3

छात्र-छात्राओं को समाज व देश में फैल रही कुरीतियों व उनको अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए मिशन शक्ति के तहत आर्ट्स कालेज में सोमवार को विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। जिनमें स्लोगन, राइटिंग, भ्रूण हत्या, बाल श्रम प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके बाद फेस पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें छात्रों ने फेस पेंटिंग के माध्यम से दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ आदि समस्याओं को उभारा। इस मौके पर लविवि की डा. अनीता कनौजिया के अलावा कई लोग मौजूद रहे।

TOI PAGE 3

MNC offers for LU's 1st batch of comp engineering

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Five students of Lucknow University's first batch of computer engineering department bagged a job offer by a leading multinational on Monday. A girl and four boys of BTech (computer science) were selected during the campus placement drive of Tata Consultancy Services.

Final-year students Adarsh Mishra, Sudhanshu Prajapati, Mansi Agnihotri, Tushar Gupta and Dharmendra Singh Patel cleared the qualifier test that assessed their knowledge. It comprised an aptitude test, a technical test and an interview. The students have been appointed to the post of assistant system engineer.

"The students have been offered a package of Rs 3.36 lakh. We have been conducting placement drives for our students from time to time. A number of companies will also be visiting our campus for placement in the coming days for hiring students from other engineering branches like mechanical, electrical and electronics," said director RS Gupta.

i-NEXT PAGE 2

सीनियर करेंगे जूनियर स्टूडेंट्स का मार्गदर्शन

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (28 Dec): लखनऊ यूनिवर्सिटी में वीसी प्रो. आलोक कुमार राय के कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर संवर्धन योजना लॉन्च की जाएगी. वीसी का एक वर्ष का कार्यकाल 30 दिसंबर को पूरा होने जा रहा है. इसी दिन वीसी विभिन्न संकायों और रिसर्च स्कॉलर्स को सम्मानित करेंगे.

वीसी के एक वर्ष के कार्यकाल के पूरा होने पर लॉन्च होगी संवर्धन योजना

क्या है संवर्धन योजना

यूनिवर्सिटी की डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन ने बताया इस योजना में कोई स्टूडेंट्स अगर यूजी की पढ़ाई कर रहा है तो पीजी का कोई स्टूडेंट उसका मार्गदर्शन करेगा. इसी तरह पीएचडी का रिसर्च स्कॉलर अपने से जूनियर पीजी के स्टूडेंट का मार्ग दर्शन करेगा. प्रो. टंडन ने बताया कि अगर किसी स्टूडेंट्स के अंडर में कुछ स्टूडेंट्स मार्गदर्शन ले रहे हैं तो उस सीनियर स्टूडेंट्स का उस जूनियर स्टूडेंट को गाइड करने का कार्यकाल एक वर्ष का होगा. जिसके बाद उस सीनियर स्टूडेंट्स को एलयू वीसी एक सर्टिफिकेट देंगे. इस सार्टिफिकेट का महत्व ये होगा कि वह स्टूडेंट्स इसे अपने बायोडाटा में लिख सकेगा और आगे चलकर मेंटर के रूप में भी काम कर सकेगा.

30 दिसंबर तक देने हैं नाम

प्रो. टंडन ने बताया कि इस योजना के लिए यूनिवर्सिटी के सभी विभागों को पत्र भेज दिया गया है. विभागाध्यक्षों से बोला गया है कि वे इच्छुक सीनियर स्टूडेंट्स की लिस्ट 30 दिसंबर तक बना कर भेजें और विभाग की वेबसाइट पर भी स्टूडेंट्स के नाम अपलोड करें.

शुरू होगा फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

लखनऊ यूनिवर्सिटी के कॉमर्स विभाग में 14 दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन 5 से 8 जनवरी से बीच कराया जाएगा. कार्यक्रम का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल करेंगे. कार्यक्रम के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है. कार्यक्रम में एकेडमिक्स प्रोफेशनल्स, रिसर्च स्कॉलर्स आदि प्रतिभाग कर सकते हैं.

चेहरे पर उकेर दिया नारी शक्ति का संदेश

लखनऊ यूनिवर्सिटी में फेस पेंटिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्रीय दिन में बेटियों के सुरक्षित के लिए किया संदेश

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (28 Dec): लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में सोमवार को भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा एवं बाल श्रम जैसे विषयों पर स्लोगन राइटिंग और फेस पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। इसमें कई विद्यार्थियों ने भाग लिया। फेस पेंटिंग का विषय था दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि। इन विषयों पर विद्यार्थियों ने फेस पेंटिंग कर जागरूक किया। डॉक्टर अनीता कनौजिया ने इसका समन्वयन किया।

दिवसीय कार्यक्रम भ्रूण हिंसा है। जिसमें पहले दिन स्लोगन राइटिंग और फेस पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। जिसमें भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि विषयों पर स्टूडेंट्स ने पेंटिंग बनाई। वहीं दूसरे दिन स्टूडेंट्स ने स्लोगन राइटिंग में भाग लिया। इसका उद्घाटन प्रो. पूनम टंडन, डीएसडब्ल्यू, लखनऊ यूनिवर्सिटी ने किया। इस मौके पर डॉ. अनीता कनौजिया, डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, डॉ. पूनम टंडन,